एसएसपी के लौटते ही एक्शन में आई पुलिस



नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। कप्तान के ट्रेनिंग के लिए शहर से बाहर जाने के वापस लौटते ही पुलिस पुन: एक्शन मोड पर आ गई। जिसके चलते बीती रात की गई कॉम्बिंग

कॉम्बिंग गश्त में 224 वारंटी दबोचे, 274 हिस्ट्रीशीटरों की हुई चेकिंग

गश्त में 224 वारंटी धर दबोचे, जबकि 274 हिस्ट्रीशीटरों को चेक किया गया। लंबे समय बाद पुलिस द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई से क्रिमिनल्स में हड़कंप मचा हुआ है।

लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने एवं क्राइम कंट्रोल के मकसद से एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात जिले भर में व्यापक स्तर पर कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान एएसपी जेएंडेन लिगार्जे, सुमन गुर्जर, डॉ. शिवेश सिंह बघेल व जयराज कुबेर सहित समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों ने अपने अधीनस्थ थाना प्रभारियों एवं फोर्स के साथ क्षेत्रों में देर रात तक गश्त की। जिन्होंने पैदल-पैदल फरार बदमाशों, स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों, गुंडे, हिस्ट्रीशीटरों तथा जिलाबदर आरोपियों के घर पहुंचकर उनकी चेकिंग की। साथ ही जेल से रिहा होकर आए आरोपियों की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्हें स्पष्ट शब्दों में हिदायत दी, कि अगर वह किसी भी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए गए, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा होटल, लॉज, धर्मशाला, ढाबों एवं बैंक-एटीएम की चेकिंग के साथ ही संदिग्ध वाहनों तथा मुंह बांधकर दोपहिया वाहन चलाने वालों की भी सघन जांच की गई।

शादी से लौट रहे फोटोग्राफर की सड़क हादसे में मौत



नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। शादी समारोह से देर रात वापस लौट रहे फोटोग्राफर की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा भितरवार इलाके में हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भितरवार निवासी मंगल सिंह उर्फ सोनू शादी-पार्टी में फोटोग्राफी

बागवई के पास हुआ हादसा, डायल-112 लेकर पहुंची अस्पताल, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

का काम करता था। रविवार को वह ग्वालियर में आयोजित एक शादी समारोह में फोटोग्राफी करने गया था। देर रात काम खत्म होने के बाद वह अपनी बाइक से भितरवार लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम बागवई के पास से गुजरते समय वह सड़क हादसे का शिकार होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा देखकर जुटे लोगों से सूचना पाकर मौके पर पहुंचे डायल-112 के स्टाफ ने उसे भितरवार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर अस्पताल में परिजनों और परिचितों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस द्वारा शव का पीएम करवाकर हादसे के कारणों का पता लगाने को मामले की विवेचना की जा रही है।

ब्रेजा कार में आग लगाने वाला आरोपी पकड़ा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। झांसी



रोड थाना पुलिस ने ब्रेजा कार में पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले आरोपी को हिरासत में लिया है। आरोपी की पहचान प्रेमसिंह कुशवाह के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

फरियादी अशोक कुशवाह निवासी नाकाचंद्रवदनी, नहर वाली माता रोड ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को दोपहर करीब 12 से 12:30 बजे के बीच उनकी ब्रेजा कार क्रमांक एमपी06-सीए-9826 में आग लगा दी गई। आग

सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान, गाड़ी खड़ी करने के विवाद में पेट्रोल डालकर लगाई थी आग

से कार की सीट जल गई, कांच टूट गया और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान प्रेमसिंह कुशवाह पुत्र पातीराम कुशवाह उम्र 43 वर्ष निवासी नाकाचंद्रवदनी के रूप में हुई। जांच के बाद थाना झांसी रोड में अपराध क्रमांक 390/26 धारा 326(एफ) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने आग लगाना स्वीकार किया है। उसने बताया कि फरियादी उसका चचेरा भाई है और निश्चित स्थान पर गाड़ी रखने की बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पाइल्स, फिशर और फिस्टुला के 50 मरीजों की हुई जांच

ग्वालियर, 23 नवम्बर। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय एवं जयारोग्य चिकित्सालय समूह के सर्जरी विभाग की नव-स्थापित प्रोक्टोलॉजी यूनिट में सोमवार को पाइल्स, फिशर, फिस्टुला एवं पाइलोनइडल साइनस के लिए विशेष जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्वालियर सहित आसपास के अंचल से आए 50 मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गहन क्लिनिकल परीक्षण किया। मरीजों को आवश्यक परामर्श के साथ दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। जांच के दौरान जिन मरीजों में शल्य चिकित्सा की आवश्यकता पाई गई, उन्हें चिन्हित किया गया। इन सभी मरीजों का आगामी दिनों में विभाग की आधुनिक तकनीकों से नियमानुसार ऑपरेशन किया जाएगा।

रात 12 बजे खुले कार्तिकेय मंदिर के पट

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। वैकुंठ चतुर्दशी और कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को शहर में धार्मिक उल्लास का माहौल रहा।

साल में एक बार 24 घंटे होंगे दर्शन, हरिहर मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का मेला

भगवान विष्णु और भगवान शिव के मिलन के प्रतीक वैकुंठ चतुर्दशी पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। इसी अवसर पर कैलाश टॉकीज के पास सूबे की गोठ स्थित लगभग



250 वर्ष पुराने हरिहर मंदिर में श्रद्धालुओं का मेला लगा हुआ है।

वहीं जीवाजीगंज स्थित करीब 400 वर्ष पुराने भगवान कार्तिकेय स्वामी मंदिर के पट सोमवार आधी रात को खोले गए। श्रद्धालुओं को यहां साल में केवल एक बार 24 घंटे दर्शन का अवसर मिलता है। इसके बाद मंदिर के पट अगले 364 दिनों तक बंद रहेंगे।

कैलाश टॉकीज के पास स्थित प्राचीन हरिहर मंदिर में रात 12 से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिर में भगवान हरि और हर की संयुक्त रूप में पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर के पुजारी परिवार की पांचवीं पीढ़ी के प्रतिनिधि सचिन पाराशर के अनुसार, मंगलवार सुबह 4 बजे काकड़ आरती के साथ भगवान का अभिषेक और विशेष श्रृंगार किया गया। दिनभर श्रद्धालुओं के दर्शन का सिलसिला जारी रहेगा और मंगलवार रात 12 बजे तक भक्त भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यहां स्थापित अद्भुत प्रतिमाएं हैं। भगवान विष्णु और भगवान शिव के साथ माता लक्ष्मी एवं माता पार्वती तथा चारों देवी-देवताओं के वाहन गरुड़, नंदी, ऐरावत और सिंह की प्रतिमाएं एक ही शिला पर उकेरी गई हैं। यही विशेषता इस मंदिर को धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से विशिष्ट बनाती है।

एक नजर में

भक्ति में विनम्रता ही सच्ची विद्वता : पं. शास्त्री

ग्वालियर, 23 नवम्बर। हृदय में विनम्रता और भक्ति न हो तो कितनी भी विद्वता



व्यर्थ है। विद्वान तो रावण भी था, लेकिन अहंकार के कारण उसे पूजा नहीं जाता। यह विचार महलगांव स्थित करौली माता मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को पं. पवन शास्त्री ने व्यक्त किए। इस अवसर पर महामंडलेश्वर कपिल दास महाराज ने व्यास पीठ का पूजन किया। शास्त्री ने कहा कि जो अपने ज्ञान के आगे किसी को कुछ न समझे, ऐसा ज्ञानी होना व्यर्थ है। हम भगवान को जिस भाव से भजते हैं, वे हमें उसी रूप में प्राप्त होते हैं। कोई सखा भाव से तो कोई पुत्रवत उन्हें प्रेम करता है। भाव कोई भी हो, भगवान भक्त से अवश्य प्रसन्न होते हैं। जिसके हृदय में भक्ति आ जाती है, उसे फिर भगवान को ढूंढना नहीं पड़ता, भगवान स्वयं अपने भक्त को ढूंढते हुए आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि जप, तप, व्रत और यज्ञ से भगवान नहीं मिलते, लेकिन भक्ति सिद्ध हो जाती है और भक्ति से विनम्रता आ जाती है। उद्धव ज्ञानी थे, लेकिन उनमें भक्ति जगाने के लिए श्रीकृष्ण ने उन्हें गोपियों के पास भेजा। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जब तक गोकुल में रहे, उन्होंने पैरों में पादुका और सिले हुए वस्त्र नहीं पहने। कंस वध की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण सारे संसार का भार लेकर कंस पर कूदे, जिससे उसकी जीवन लीला समाप्त हो गई। इस मौके पर गिर्राज शर्मा, विवेक शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

जीवाजी में हुआ 'मेरा शहर, मेरी विरासत' कार्यक्रम

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं



पुरातत्व अध्ययनशाला में विश्व धरोहर सप्ताह के पांचवें दिन 'मेरा शहर, मेरी विरासत' विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। विभागीय संग्रहालय में भाषण, पोस्टर मेकिंग और वीडियोग्राफी प्रतियोगिताओं के साथ प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य अतिथि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, ग्वालियर दुर्ग संग्रहालय के सहायक अधीक्षक एवं पुरातत्वविद् डॉ. शशिकांत राठौर रहे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने की। पूर्व छात्र डॉ. राजेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. राठौर ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरें देश की पहचान हैं। ग्वालियर दुर्ग सहित अन्य स्थलों के आसपास हो रहे अतिक्रमण पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि धरोहरों को अतिक्रमण से मुक्त कराने में प्रशासन का सहयोग करना हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। वैज्ञानिक संरक्षण और उचित रखरखाव पर भी उन्होंने जोर दिया। प्रो. सिसोदिया ने कहा कि संस्कृति और स्मारकों के संरक्षण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। युवाओं के प्रयासों से ही विरासत पीढ़ियों तक सुरक्षित रहेगी। डॉ. गुप्ता ने धरोहरों के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। पोस्टर में शिवी चौधरी प्रथम, नायाब अली द्वितीय और अनुज टैगोर तृतीय रहे। वीडियोग्राफी में नायाब अली प्रथम, राज शर्मा व अभिषेक संयुक्त द्वितीय तथा राजेश्वरी तृतीय रहीं। भाषण में अंकित राठौर प्रथम, अनीश्वी शर्मा द्वितीय और काजल जायसवाल तृतीय रहीं। संचालन मुस्कान गुर्जर ने किया, आभार डॉ. अमिता खरे ने व्यक्त किया।



जनजातीय योद्धाओं की अमर गाथा का हुआ विमोचन

ग्वालियर। देश के जनजातीय योद्धाओं के शौर्य और बलिदान को साहित्य के माध्यम से नई पहचान दिलाने वाली पुस्तक रणभेरी : जनजातीय योद्धाओं की अमर गाथा का ग्वालियर में विमोचन हुआ। यंग थिंकर्स कॉन्क्लेव-2026 में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। इस अवसर पर अभिनेता एवं रंगमंच कलाकार पीयूष मिश्रा सहित कला, साहित्य और विचार जगत की अनेक हस्तियां मौजूद रहीं। पद्मश्री भरत गुप्त, कार्यक्रम संयोजक आशुतोष और पुस्तक के लेखक राजपाल सिंह चौहान की उपस्थिति में हुए विमोचन ने आयोजन को साहित्यिक गरिमा प्रदान की। रणभेरी में देश के 18 राज्यों के 51 जनजातीय क्रांतिकारियों की वीरगाथाओं को संकलित किया गया है। पुस्तक उन नायकों के संघर्ष, स्वाभिमान और बलिदान को सामने लाती है, जिन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के साथ देश की स्वतंत्रता के लिए सर्वस्व न्योछावर किया। इसका उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है, जिसे अभी व्यापक पहचान मिलना बाकी है। इससे पहले पुस्तक का कवर पेज दिल्ली के भारत मंडपम में सांसदों, साधुजनों और युवाओं के बीच जारी किया गया था।

कार्तिक पूर्णिमा पर आज मनेगी देव दीपावली

ग्वालियर। कार्तिक पूर्णिमा पर हर साल मनाया जाने वाला देव दीपावली का पर्व इस बार आज मंगलवार को मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन महादेव ने त्रिपुरासुर नामक राक्षस का वध किया था, जिसके कारण उन्हें त्रिपुरारी कहा गया। इस विजय की खुशी में देवी-देवताओं ने काशी में दीप जलाकर दिवाली मनाई थी। इसी कारण कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुरा पूर्णिमा और त्रिपुरोत्सव के नाम से भी जाना जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित रोहित उपाध्याय ने बताया कि हिंदू धर्म में देव दीपावली का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है।

परिधान ही नहीं, संस्कृति की पहचान हैं भारतीय वस्त्र



नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। भारतीय पारंपरिक परिधान केवल पहनावा नहीं, बल्कि देश की संस्कृति, पहचान और विरासत को

कश्मीरी बाजार में फैशन शो, रैंप पर उतरे मॉडलों ने बिखेरी पारंपरिक परिधानों की छटा

आगे बढ़ाने का माध्यम हैं। इन्हें आधुनिक फैशन के साथ जोड़कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने की जरूरत है। यह बात कश्मीरी बाजार में आयोजित पारंपरिक परिधानों के फैशन शो में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशीष अग्रवाल ने कही। उन्होंने परिधानों और हस्तशिल्प को फैशन के माध्यम से नई पहचान देने के प्रयासों की सराहना की।

दस्तकारी हाट परिसर में चल रहे कश्मीरी बाजार द हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपो में भारतीय पारंपरिक परिधानों को प्रोत्साहित करने फैशन शो हुआ। इसमें महिला एवं पुरुष मॉडलों ने रैंप पर उतरकर पारंपरिक परिधानों की विविधता, खूबसूरती और आधुनिक अंदाज को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि मिस इंडिया-एम्प्रेस ऑफ द नेशन हिमांशी शर्मा उपस्थित रहीं। फैशन शो का आयोजन फैशन फॉक्स की टीम ने किया। पुष्कर शर्मा के संयोजन में तैयार शो में मॉडलों ने आकर्षक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। आयोजन का उद्देश्य भारतीय पारंपरिक परिधानों, हथकरघा और हस्तशिल्प को फैशन के माध्यम से नई पहचान देना तथा युवाओं को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना रहा। कश्मीरी बाजार के मंच पर आयोजनों को प्रोत्साहित करने की पहल भी की गई है। इस मंच पर निशुल्क कार्यक्रम करने का आमंत्रण दिया है। शो में आयशा तोमर, सिमरन कौर, निशिका प्रजापति, मानसी ठाकुर, दीक्षा सोनी, कशिश वर्मा, प्रतिज्ञा चौहान, याशिका यादव, साक्षी सिकरवार, छवि कटियार, लावण्या कुशवाह, जाह्नवी शर्मा, सूरज रामपुरी, नैतिक सेंगर, अभय दुबे, अंकित चंदेरिया और अभय तोमर ने प्रस्तुतियां दीं।

सड़क निर्माण की मांग को लेकर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। आनंद नगर बी ब्लॉक की खराब सड़क के निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय निवासियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान लोगों ने नगर निगम के

कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, लोगों ने तीव्र आंदोलन की दी चेतावनी : सुनील

खिलाफ नारेबाजी की और जल्द सड़क निर्माण की मांग की।

शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में है। गड्ढों और टूटी सड़क के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बारिश के दिनों में स्थिति और अधिक खराब हो जाती है। वाहन चालकों को भी



भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि निवासियों ने कई बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। कई बार निगम अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। शर्मा ने निगम अधिकारियों से बातचीत कर जल्द सड़क निर्माण की मांग रखी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्माण शुरू नहीं किया गया तो तीव्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन में मनीष शर्मा, मोहन राजपूत, सुनील शाक्य, पिंटू राजपूत, आशीष दुबे, राजू राय, संतोष राठौर, अनिल सक्सेना, मनोज धाकड़, नितेश गर्ग, धर्मेंद्र, राकेश, मोहन कोतवाल, मनोज राय, सुनील कुमार, संजय धाकड़, महेश पाल, अंकित धाकड़, धर्मेंद्र, वंश अग्रवाल, रामसेवक शकवार, एसएस बरेलिया, रामसिंह राणा, ओमप्रकाश कुशवाह, फारुख महमूद, संजय सिंह, सतेंद्र धाकड़, अभिषेक सिंह, राकेश कुशवाह और ऋषिकेश यादव मौजूद थे।

एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण में प्रदर्शनी का भ्रमण

ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अनिल जैथलिया के निर्देशन में किया जा रहा आयोजित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। कैम्प कमांडेन्ट कमांडर एट आर्म्स दीपक सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार आज सुबह समस्त कैडिटों को शारीरिक प्रशिक्षण की प्रैक्टिस कराई गई,

सुबह की पाली में समस्त पीआई स्टाफ एवं सहायक एनसीसी अधिकारी के निर्देशन में समस्त कैडिटों का मस्टर कर ड्रिल की प्रेक्टिस कराई गई जिसके पश्चात समस्त कैडिटों को कर्नल राजेश बाँधे कमान अधिकारी, 13 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स, के सहयोग से 13 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स की बटालियन में स्थापित कारगिल शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा (परमवीर चक्र) शेरशाह हॉल जो कि उनके नाम पर समर्पित है। यह हॉल उनके अदम्य साहस, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और बलिदान की याद दिलाता है। तथा सैनिकों एवं एनसीसी कैडेटों को राष्टसेवा के लिए सदैव प्रेरित करता है। जो कि



कैडिटों को सैनिकों के प्रति सम्मान तथा देशसेवा की भावना को मजबूत बनाता है। कैप्टन विक्रम बत्रा का जीवन हमें सिखाता है कि देशभक्ति, साहस ओर कर्तव्यनिष्ठा से बढकर कुछ भी नही है। उनका बलिदान सदैव देशवासियों और एनसीसी कैडेटों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।

दोपहर की पाली में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, ग्वालियर के सुपरिटेंडेंट आदित्य रंजन के द्वारा कैडिटों को व्याख्यान दिया गया जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि केन्द्रीय नारकोटिक्स का उद्वेश्य मादक पदार्थो के अवैध उत्पादन, तस्करी एवं दुरूपयोग पर नियंत्रण रखना तथा देश को नशामुक्त बनाने के प्रयासों में सहयोग करना है। उन्होने बताया कि इस कार्य में एनसीसी कैडिट विशेषकर युवाओं को नशे से बचाने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने में कैडेट महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। उन्होने केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरों की नई पहल-मिशन युवा रक्षा जारी किया गया है जिसमें युवाओं को नशे के खतरे से बचाने और उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदान बनाने के उद्वेश्य से मिशन युवा रक्षा जैसी पहल को आगे बढाने में योगदान एवं जागरूकता से जोडने पर जोर देने के लिए बोला।

सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रैक्टिस की

शाम को कैडिटों ने शिविर समापन के दौरान होने वाले सांस्कृतिक प्रोग्राम की प्रैक्टिस की। सायंकालीन सत्र में कैडेटृस ने विभिन्न खेल प्रतिर्स्पधाओं में जैसे बालीवाल, खो-खो, रस्सा-कशी इत्यादि में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे शिविर का वातावरण उर्जा और जोश से भर गया। शिविर में आज फर्सट ऑफीसर योगेश भदौरिया, सेकण्ड ऑफीसर विद्या कुशवाह, सेकण्ड ऑफीसर रितु भार्गव, सेकण्ड ऑफीसर राधवेन्द्रप्रताप सिंह, सेकण्ड ऑफीसर सारस्वत, चीफ इंस्टक्टर गौरव शर्मा सहित समस्त पीआई स्टाफ उपस्थित रहा।

सड़क हादसे में किसान की मौत

पैर कटकर अलग हुआ, पुलिस सीसीटीवी से तलाश में जुटी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। धान बेचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से घर लौट रहे किसान की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। घटना डबरा थाना क्षेत्र स्थित

सिंध नदी पुल पर पीछे से टक्कर

सिंध नदी के पुल पर रात साढ़े 11 बजे की है। हादसा इतना भीषण था कि किसान का एक पैर कटकर अलग हो गया और शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान दतिया के ग्राम भदौना निवासी रवीन्द्र सिंह रावत (36) पुत्र नारायण सिंह रावत के रूप में हुई है। वह ट्रैक्टर-ट्रॉली में धान लेकर मंडी में बेचने गया था। धान बेचने के बाद वह रात में अपने गांव लौट रहा था। रात करीब 11:30 बजे सिंध नदी पुल से पहले पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए अज्ञात वाहन ने उसके ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रवीन्द्र सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पीएम हाउस पहुंचाया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब हाईवे पर लगे सीसीटीवी खंगाल रही है, जिससे आरोपी वाहन चालक का पता लगाया जा सके और उसे पकड़ा जा सके।

कुलगुरु ने अतिथि विद्वानों से किया संवाद

ग्वालियर, 23 नवम्बर। जीवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने सोमवार को अतिथि विद्वानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए संवाद जरूरी है और यह दोनों पक्षों के बीच होना चाहिए, तभी संवाद सार्थक बनता है। कुलगुरु ने कहा कि शिक्षक केवल शिक्षक होता है, उसमें छोटा-बड़ा कोई भेद नहीं होता। एक शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उसका विद्यार्थी उससे आगे बढ़े। संवाद के दौरान अतिथि विद्वानों ने अपनी विभिन्न समस्याएं कुलगुरु के सामने रखीं। इस पर प्रो. राजपूत ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय यूजीसी के नियमों से बंधा हुआ है और नियमों से ऊपर कुछ नहीं है। विश्वविद्यालय में सभी कार्य नियमानुसार ही किए जाएंगे। यदि कोई मांग नियमों के दायरे में आती है तो संबंधित अतिथि विद्वान को उसका अधिकार अवश्य मिलेगा।

व्हीआईएसएम में देशभक्ति से मनाया गया एनसीसी दिवस

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 23 नवम्बर। व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज में 79वां एनसीसी दिवस उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में

कैडेट्स ने किया रक्तदान

मुख्य अतिथि के रूप में 15 एमपी बटालियन एनसीसी, ग्वालियर से सूबेदार साहब सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कैडेटस ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं।

कैडट्स द्वारा एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर खुशियां साझा की गईं तथा कैडेट्स



ने एकजुटता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा रक्तदान भी किया। रक्तदान के माध्यम से कैडेट्स ने मानव सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए प्रेरणादायी पहल की। कार्यक्रम ने कैडेट्स में देशप्रेम, सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्थान की ग्रुप डायरेक्टर डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, एवं सेवा भाव विकसित करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि देशभक्ति केवल अपने देश के प्रति प्रेम तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता करना, सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना और समाज के लिए सकारात्मक योगदान देना भी सच्ची देशभक्ति है। रक्तदान जैसी पहल युवाओं की संवेदनशीलता एवं सेवा भाव का प्रतीक है। उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स को ऐसे प्रेरणादायी कार्यों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती सरोज रठौर, सहित समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यगण व छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहें।